## खबर संक्षेप

### अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर सोमवार से की जाएगी बेदखली

**मण्डला।** जिला अस्पताल परिसर में जिला रोगी कल्याण समिति के स्वामित्व की कुल 89 दुकानों की नीलामी के पश्चात किरायेदारी का अनुबंध लगभग दो दशक पूर्व रोगी कल्याण समिति के साथ किया गया था, प्रथम अनुबंध की 36 माह की अवधि की समाप्ति के बाद अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया जाना, साथ ही लंबे समय से किराये के भुगतान भी बकाया होना,इसके अलावा किरायेदारी अनुबंधकर्ता के अलावा अन्य व्यक्तियों को दुकान पुनः किराये पर अथवा विक्रयनामा कर हस्तांतरित की जाने की शिकायतें लंबे समय से प्राप्त हो रही थी जिनकी जांच जिला स्तरीय जांच दल द्वारा कराई गई। जिला स्तरीय जांच दल द्वारा जांच में पाया गया कि निर्धारित अवधि 36 माह बीत जाने के बाद अनुबंध का नवीनीकरण नहीं कराया गया, ना ही बाजार दरों के अनुरूप किराया दिया जा रहा है। जहां एक ओर जिला रोगी कल्याण समिति की दुकाने शहर के मध्य पॉश इलाक़े में स्थित हैं, दुकानों की बाज़ार कीमते वर्तमान में आसमान छू रही हैं वहीं रोगी कल्याण समिति को किराये में महज लगभग 540 एवं 750 प्रतिमाह का किराया प्राप्त हो रहा है जिससे शासन एवं अस्पताल प्रबंधन को राजस्व की हानि हो रही है। जांच दल द्वारा प्रस्तावित कार्यवाही के अनुसार जिन दुकानदारों द्वारा अनुबंध की शर्तो का लगातार उल्लंघन किया गया है। उन्हें बेदखली नोटिस देते हुए 7 दिवस के भीतर दुकान खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक एवं सचिव जिला रोगी कल्याण समिति के अनुसार जिन दुकानदारों द्वारा अनुबंध की शर्तों का लगातार उल्लंघन किया गया है उनको नोटिस जारी किया गया है नोटिस के अनुसार एक सप्ताह के भीतर दुकान/परिसर खाली नहीं किए जाने पर सोमवार से अस्पताल प्रबंधन, पुलिस बल और प्रशासन के साथ बेदखली की कार्यवाही करेगा। दुकानों को खाली न करने एवं अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर दण्डात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

### जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा

**मण्डला।** 12 जनवरी 2025 दिन रविवार को स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस 'युवा दिवस' के अवसर पर जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान मंडला में किया जा रहा है। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार हेतु प्रातः 8:30 बजे सहभागी विद्यार्थियों का निर्धारित स्थल पर आगमन होगा तथा प्रातः 9:20 बजे मुख्य अतिथि का मंच पर आगमन होगा। प्रातः 9:25 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत किया जाएगा।

## 43 लाख 60 हजार की लागत से होगा नेहरू पार्क का जीर्णोद्धार व सौन्दर्यीकरण

# अब पुनः गुलजार होगा नेहरू पार्क





*** केबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके ने किया भूमिपूजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि नेहरू गार्डन मंडला के अमृत 2.0 योजना अंतर्गत 43 लाख 60 हजार की लागत से जीर्णोद्धार और सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। जिससे जिले के नागरिक, युवा, बच्चे, वृद्ध और महिला पुरूष यहां आकर सुकून के पल बिता सकें। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी के तट पर बसे नेहरू वार्ड को भव्य और सुन्दर बनाया जाएगा। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके शनिवार को नेहरू पार्क में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत नेहरू उद्यान सौन्दर्यीकरण कार्य के लोकार्पण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने मां नर्मदा नदी के तट पर पूजा अर्चना कर लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, नगरपालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, नगरपालिका मंडला उपाध्यक्ष श्री अखिलेश कछवाहा, नगर भाजपा अध्यक्ष श्री शिवा रानू राजपूत, सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा और जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति (संचार एवं संकर्म) श्री शैलेष मिश्रा को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री आशुतोष ठाकुर, श्री प्रफुल्ल मिश्रा, श्री सचिन शर्मा, श्री विनय मिश्रा, श्रीमती अनीता, श्रीमती मंजु कछवाहा सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि नेहरू पार्क नर्मदा नदी के तट पर स्थित एक भव्य गार्डन है। यहां पर वृक्षों पर पेंटिंग व गार्डन में रेलिंग, सीमेंट के सोफा, झूला, सीढ़ियां और बच्चों के लिए खेलने के उपकरण हैं। नेहरू गार्डन को और भी भव्य और सुंदर बनाने के लिए नर्मदा नदी पर वाटर बोट का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिससे जिले के नागरिक वाटर बोट के माध्यम से नर्मदा नदी में भ्रमण कर सकें। उन्होंने कहा कि नगरपालिका मंडला के द्वारा अटल गार्डन भी तैयार किया जाएगा। इसके लिए विस्तृत योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास और प्रगति की रफ्तार दुगुनी हुई है। शासन की योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका मंडला के द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की।

### मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने 78 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने शनिवार को लालीपुर चौराहा से नेहरू स्मारक तक 78 लाख की लागत से होने वाले सड़क सौन्दर्यीकरण कार्यों का भूमिपूजन किया। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि उक्त राशि से सड़क मार्ग का पूरी तरह से कायाकल्प कर सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। जिले में विकास और सौन्दर्यीकरण को लेकर लगातार कार्य हो रहे हैं।



## मवई में विकासखंड स्तरीय चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/मवई

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार समावेशीत शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु शिक्षा के साथ साथ संसाधन मुहैया कराने हेतु डी पी सी अरविंद विश्वकर्मा ए पी सी आई ई डी के के उपाध्याय के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन दिनांक 11/01/2025 को हाई स्कूल धनगांव मवई के प्रांगण में किया गया जिसमें 183 दिव्यांग बच्चों ने शिरकत की इस चिकित्सा शिविर मे विकासखंड की कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों का चिकित्सकीय मूल्यांकन कर 42 बच्चों को 70 सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया गया एवं 50 बच्चों के चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाए गए शिविर में दिव्यांग बच्चों की यू डी आईडी कार्ड बनाने हेतु भी कार्रवाई की गई शिविर में आए समस्त दिव्यांग बच्चों को यात्रा भत्ता एवं भोजन प्रदान किया गया शिविर में चिन्हाकित सभी बच्चों को आगामी शिविर में सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप मैं श्रीमती मनीषा प्रह्लाद मरकाम अध्यक्ष जनपद पंचायत मवई उपस्थित रही। शिविर मे चिकित्सा विभाग से डॉ विजय धुर्वे डॉ हेमेंद्र चौहान डॉ योगेश सिरसाम डॉ कमलेश ठाकुर राम मिश्रा उपस्थित रहे उपकरण निर्माण संस्था एलिमको जबलपुर से आए विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दी शिविर को सफल बनाने में बी आर सी रामनाथ आयाम ऍम आर सी दीपक झरिया बी ए सी बसंत बारेश्व बीएससी कमलेश कुमार धुर्वे एम आर सी (बिछिया) चंद्रगुप्त पटेल एम आर सी(बिछिया) माधुरी मोरघडे लेखापाल पंकज कुजूर, ऑपरेटर निशांत ठाकुर सहयोगी शिक्षक बीरबल सिंह मरावी, प्राचार्य धनगांव त्रिलोक कुशराम, संतोष तेकाम, अशोक मरावी, पतिराम मसराम, गोविंद सिंह नोडल शिक्षकों एवं जनशिक्षकों का सहयोग रहा।

## पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल में सेल्फ डिफेन्स परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल सेमरखापा, जो अपनी उत्कृष्ट शिक्षा और विभिन्न गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध है, जिसमे एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया। स्कूल की प्राचार्य कृष्ण कुमार हरदहा ने बताया कि स्कूल में सेल्फ डिफेन्स की क्लास संचालित की जाती है, जिसमें छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाता है। हाल ही में, चयनित लड़कियों के लिए सेल्फ डिफेन्स की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें इन लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन किया। परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र और येलो बेल्ट प्रदान किया गया।






यह कदम उनके आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए उठाया गया है। इस अवसर पर डिफेन्स की प्रभारी श्रीमती अनुसुईया मार्को का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने लड़कियों को इस प्रशिक्षण में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की। उत्तीर्ण लड़कियों को सभी शिक्षकों ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि उन्हें आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण उपायों के प्रति जागरूक भी किया जाता है। यह स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो छात्राओं की समग्र विकास और सुरक्षा के प्रति अपना योगदान दे रहा है।

## सहकार भारती मंडला इकाई द्वारा मनाया गया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सहकार भारती मंडला इकाई द्वारा प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी आज 11 जनवरी 2025 को सहकार भारती के मंडला इकाई द्वारा स्थापना दिवस कटरा स्थित होटल उत्सव में मनाया गया आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सहकार भारती के प्रदेश मंत्री डॉ स्वदेश शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि पंकज पांडेय विभाग प्रचारक (आर एस एस) आज के कार्यक्रम के शुरुआत सहकार भारती से संस्थापक रहे श्रद्धेय स्व लक्ष्मणराव ईनामदार (वकील साहेब) एवं भारत माता के चित्र पर तिलक वंदन माल्यार्पण एवं ज्योत जलाकर की गई इसके बाद सभी मंचाशीन अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ से किया गया। स्वागत उपरांत सभी पदाधिकारी अतिथि के द्वारा सहकार भारती के विषय में अपने अपने उदबोधन दिया गया। साथ ही 15 जनवरी को प्रदेश संगठन मंत्री राधेश्याम जलक्षत्रि का आगमन है इसी दिन जिला बैठक एवं जिला अधिवेशन किया जाना फाइनल हुआ है। अधिवेशन में ही जिला कार्यकारणी की नवीन कार्यकारणी 2024-27 की घोषणा किया जा सकता है।

डॉ स्वदेश शर्मा ने सहकार भारती के संस्थापक रहे लक्ष्मण राव के विषय में संक्षिप्त परिचय दिया गया। पंकज पांडेय द्वारा संगठन विस्तार के विषय में सभी सदस्यों से आग्रह किया कि मंडला के अलावा तहसील स्तर में भी कार्यकारणी का विस्तार किया जाए। आभार प्रदर्शन श्रीमती सुषमा मिश्रा जी द्वारा किया गया।

**आयोजन** | गायत्री परिवार मंडला एवं सूर्यकुंड हनुमान जी महाआरती भंडारा समिति ने किया आयोजन।

# 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा

*** 13 जनवरी तक जारी रहेगा यह यज्ञ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



विराट 24 कुण्डीय शक्तिसंवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन दिनांक 10 जनवरी 2025 से 13 जनवरी 2025 तक श्री सूर्यकुंड हनुमान जी महाआरती भंडारा समिति सकवाह रामबाग मंडला में आयोजन समिति गायत्री परिवार मंडला एवं सूर्यकुंड हनुमान जी महाआरती भंडारा समिति जिला मंडला के द्वारा किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिवस 10 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 02:00 बजे से भव्य शक्ति कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मंडला जिले के श्रद्धालु उपस्थित हुए जिसमें भीड़ को नियंत्रित करने एवं आवश्यक सहयोग हेतु सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला पदेन जिला कमिश्नर स्काउट मंडला वंदना गुप्ता के निर्देशानुसार जिला स्काउट प्रभारी दिनेश कुमार दुबे के नेतृत्व में जिले के स्काउटर और गाइडरों को तैनात किया गया जिन्होंने बेहतरीन सेवा कार्य किया जिससे भव्य शक्ति कलश यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सेवा कार्य में के के सोनवानी जिला प्रशिक्षण आयुक्त मंडला, जिला कोऑर्डिनेटर (क्लेप) मंडला लोक सिंह पदम, ब्लॉक अध्यक्ष मंडला रवि कुमार हरदहा, गाइड कैप्टन मीना साहू, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) प्रीति मसराम, गाइड कैप्टन लीमा कुजूर एवं गाइड कैप्टन शकुन सैयाम ने सक्रिय रूप से उपस्थित रहकर सेवा कार्य किया। कार्यक्रम की सफलता हेतु जिला मुख्य आयुक्त मंडला डॉ. संजय तिवारी, जिलाध्यक्ष मंडला अजय खोत, जिला उपाध्यक्ष मंडला गीता काल्पीवार, जिला उपाध्यक्ष मंडला डॉ. स्वल्पा बड़गैया, जिला उपाध्यक्ष मंडला डॉ. उपेंद्र शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष मंडला कल्पना नागेश्वर, जिला कब कमिश्नर मंडला अखिलेश चन्द्रोल, जिला रेंजर कमिश्नर मंडला सावित्री सांड्या, जिला गाइड कमिश्नर मंडला रश्मि बाजपेई एवं अन्य जिला पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।




### मालूमझोला में 'रीना सेला' के आदीवासी संस्कृति पर आयोजित कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम पर पहुंचे दर्शक

**भुआबिछिया।** मवई जनपद पंचायत के ग्राम- मालूमझोला बांदरबाड़ी में,रीना, शैला, कार्यक्रम समापन समारोह संपन्न हुआ-जिसमें ग्राम मालूम झोला के अलावा,क्षेत्र के कलाकारो ने कार्यक्रम में भाग लिया,. ओर आदीवासी संस्कृति पर मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया कार्यक्रमों की प्रस्तुति देख सभी ने सांस्कृतिक कार्यकम सराहना करते हुए मंचासीन अतिथियों, अपने विचार रखते हुए में आयोजक टीम को प्रशंसा की प्रत्येक वर्ष इस तरह के कार्यक्रम आयोजन होते रहे जिससे आदिवासी समाज की रीना शैला नृत्य, परंपरागत संस्कृति को लुप्त होने से बचाया जा सके, इस अवसर पर पंडित सिंह धुर्वे पूर्व विधायक,. कमलेश तेकाम उपाध्यक्ष जिला पंचायत, श्रीमती- मनीषा मरकाम अध्यक्ष जनपद पंचायत, सुखमन सिंह धुर्वे जनपद सदस्य, सुशीला बाई जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत बांदरबाड़ी सरपंच करन सिंह मरावी, उपसरपंच श्रीमती- तीजन बाई तेकाम एवं गांव के बुजुर्ग, माताएं, बच्चे, क्षेत्रीय नागरिक एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पौंड़ी जनपद पंचायत बिछिया, मण्डला**

क०ग्रा०पंचा०/2024/25 दिनांक 09-01-2025

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत पौड़ी में स्टाम्प शुल्क मद से पंचायत स्वीकृत है। पंचायत भवन - निर्माण हेतु निर्माण सामग्री ईटा, रेता, गिट्टी 20mm, 30m 40m लोहा, सीमेन्ट व अन्य निर्माण सामग्री की दरें आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक पंजीकृत विक्रेता (GST) बंद लिफाफे में दिनांक 17/01/2025 तक ग्राम पंचायत पौड़ी में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

सचिव
ग्राम पंचायत पौड़ी
जन.पंचा.बिछिया मण्डला

सरपंच
ग्राम पंचायत पौड़ी
जन.पंचा.बिछिया मण्डला

**महिला आजीविका औद्योगिक सहकारी संस्था मर्यादित-मण्डला**

Mahila Aajivika Audyogik Bahkari Sanstha Maryadit
(Ready To Eat Energy Food Plant)-Mandla-481661
ग्राम रसैयादोना, ग्राम पंचायत खुड़िया, जिला-गण्डला
Mail id-thrmandla@gmail.com
पंजीयन कमांक/आर.सी.एस/नवाचार/277

क्र./मण्डला/पो.आ./2024-25/1512 दिनांक 09/01/2025

-: निविदा :-

महिला आजीविका औद्योगिक सहकारी संस्था मर्यादित पोषण आहार संयंत्र मण्डला से निकलने वाला वेस्ट पदार्थ मुर्गीदाना, बायलर की राख, एवं बारदाना (प्लास्टिक/जूट) इत्यादि उचित मुल्य पर विक्रय हेतु 01 वर्ष के लिए निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा दाखिल करने की अंदिन तिथि, 29.01.2025 को दोपहर 02 बजे तक ली जायेगी। जो दिनांक 30.01.2025 को दोपहर 02 बजे निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी निविदा प्रपत्र का मूल्य 1180/- रू. (जीएसटी सहित) है, मुर्गीदाना, खाली बारदाना जूट, खाली बारदाना HDPE, बायलर की राख एवं भूसा की धन संकल्प राशि 100000/-रू. महिला आजीविका औद्योगिक सहकारी संस्था मर्यादित : मंडला के खाता क. 0310000102203923 आई एफ एस कोड PUNB0031000 शाखा पंजाब नेशनल बैंक, मंडला में जमा कर पावती संयंत्र को प्रस्तुत की जायें, निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारी पोषण आहार संयंत्र मण्डला के विकय समिति से कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | मुर्गीदाना (वेस्ट पदार्थ) (किलो ग्राम) |
| 2 | खाली बारदाना जूट (एफ सी आई 50 कि.ग्रा.) |
| 3 | खाली बारदाना HDPE (एफ सी आई 50 कि.ग्रा.) |
| 4 | खाली प्लास्टिक HDPE बारदाना (शक्कर, सोया फ्लोर, सोया बिट, मूंग दाल, चना दाल एवं नमक 50 कि.ग्रा.) |
| 5 | खाली प्लास्टिक HDPE बारदाना (मिक्स मशाला 35-40 कि.ग्रा.) |
| 6 | खाली प्लास्टिक HDPE बारदाना (मिल्क पाउडर 25 कि.ग्रा.) |
| 7 | बायलर की राख (मैट्रिक टन) |
| 8 | भूसा (मैट्रिक टन) |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पोषण आहार संयंत्र मण्डला

# क्या मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों को बड़े स्तर से मिल रहा है संरक्षण..., आखिर क्यों पुलिस द्वारा माफियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये छोड़ना पड़ती है थाने की कुर्सी...?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।








कहा जाता है कि पुलिस विभाग में जब किसी अधिकारी द्वारा अपराधिक कृत्यों में लिप्त रहने वालों को पकड़ने के साथ साथ बडे गिरोह का पर्दाफास करने में सफलता हासिल की जाती है तो विभाग द्वारा उसे पुरूस्कार देते हुये सम्मानित किया जाता है। मगर इस समय देखा जा रहा है कि अवैध धंधों में लिप्त रहने वाले के खिलाफ थानों में पदस्थ रहने वाले जिन अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जा रही है तो उन्हें पुरूस्कार मिलने के जगह अपनी कुर्सी से हाथ धोने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है..? इस सच्चाई को लेकर अब सबाल यह पैदा होने से नही चूक पा रहा है कि क्या मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों को इस स्तर से संरक्षण प्रदान किया जा रहा है या फिर वह इतने प्रभावशाली लोग है कि यदि कोई पेहरेदार उनके अवैध कृत्य में हाथ डालने का प्रयास करेगा तो उसे थाने से ही हटवा दिया जावेगा...? क्योंकि बीते हुये दो माह के अंदर गाडरवारा क्षेत्र में पदस्थ रहे टीआईयों द्वारा जब जब मादक पदार्थो के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुये देखा गया है तब तब उन्हें पुरूस्कार के रूप में स्थानांतरण होना चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अधिकारियों से लेकर सरकार की भूमिका पर सबाल खड़े होने से नही चूक पाये है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा थाना क्षेत्र में देखने मिल रही है। क्योंकि इस समय गाडरवारा क्षेत्र में जिस तरह से स्मैक पावडर का अवैध कारोबार चलने के चलते युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर मादक पदार्थो की गिरप्त आने वाले युवाओं द्वारा अपनी लत पूरी करने के लिये वह किसी भी प्रकार की कदम उठाने में पीछे दिखाई नही देते है..। सही मायने में देखा जावे तो गाडरवारा क्षेत्र मादक पदार्थ स्मैक पावडर के अवैध कारोबार को लेकर संपूर्ण प्रदेश में अपनी अलग ही पहचान बना चुका है और अन्य जगहों के लोग अब गाडरवारा को स्मैक पावडर की मंडी कहने से नही चूक रहे है..? इस सच्चाई को लेकर आये दिन प्रदेश स्तर के नेताओं द्वारा मंचों के माध्यम से मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के आदेश देते हुये तो सुना जाता है। मगर हैरत इस बात को लेकर होने से नही चूक पाती है कि जब भी पुलिस थाने में पदस्थ अधिकारियों द्वारा बड़े स्तर के आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की जाती है तो उस अधिकारी को विभाग द्वारा पुरूस्कार मिलने की जगह उसका तबादला आदेश पकड़ाते हुये देखा जाता है..? उल्लेखनीय है कि आये दिन जिला मुख्यालय से पुलिस विभाग द्वारा जारी की जाने वाली अपनी प्रेस विज्ञाप्ति में यह उल्लेख किया जाता हे कि अवैध मादक पदार्थो के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के जिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है जिसके चलते सभी थाना प्रभारियों को मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है साथ ही नशे का कारोबार एवं सेवन करने वालों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु संपूर्ण जिले अंतर्गत विशेष अभियान चलाते हुये लगातार धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है। मगर जब थाना प्रभारियों द्वारा स्मैक पावडर की तस्करी करने वाले बड़े कारोबारियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है उसके तुरंत बाद उन थाना प्रभारियों को अचानक दबातला होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने के साथ साथ जिला मुख्यालय से जारी होने वाली इस विज्ञाप्ति की सच्चाई पर प्रश्न चिन्ह लगाने से नही चूक पा रहा है ..? खैर थाना प्रभारियों का तबादला होने की सच्चाई का राज जो भी हो उसके तो पुलिस विभाग के अधिकारी ही जाने। मगर यदि गाडरवारा थाना क्षेत्र की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो गाडरवारा पुलिस थाने में टीआई के रूप में पदस्थ हुये निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा 24 फरवरी 2024 को गाडरवारा थाने की बाडोर संभालते ही जिस तरह स्मैक पावडर का कारोबार करने वालों के खिलाफ डंडा घुमना शुरू किया गया था उसके चलते उनके द्वारा मात्र 8 माह के अंदर स्मैक पावडर के साथ दर्जनों आरोपियों को पकड़ते हुये जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। इतना ही नही उनकी टीम द्वारा स्मैक पावडर का मुख्य स्थान माने जाने वाले राजस्थान से गाडरवारा क्षेत्र में थोक के भाव में अवैध कारोबार करने वाले आरोपियों को कपड़ने में भी लगातार सफलताये हासिल की जा रही थी। इसी के चलते अक्टूवर माह के अंतिम सप्ताह तथा नम्बर माह के प्रथम सप्ताह में टीआई उमेश तिवारी की टीम द्वारा बडे सौदागरों को स्मैक पावडर के साथ पकड़ते हुये मीडियाँ के सामने यह बात उजागर की गई थी कि स्मैक पावडर का सौदागर भले की कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो उसे छोड़ा नही जावेगा और गाडरवारा क्षेत्र से उसके पैर उखाड़ दिये जावेगे। इस वकत्व का सोशल मीडिया पर विडियों वायरल होने के दो दिन बाद मात्र 8 माह रहने के उपरांत स्थानांतरण होते हुये देखा गया। इसके बाद 8 नम्बर 2024 को गाडरवारा पुलिस थाने की बागडोर महिला टीआई के रूप में निरीक्षक प्रियंका केवट को सौपी गई जिसके चलते उन्होंने पुलिस थाने की बागडोर संभालने के तुरंत बाद नगर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में व्यस्त रहने के चलते शुरूआती दिनों में तो स्मैक पावडर को लेकर कोई बड़ी कार्यवाही नही हो पाई थी। मगर नये वर्ष की शुरूआत होते ही जिस तरह टीआई प्रियंका केवट द्वारा स्मैक पावडर की तस्करी करने वालों के खिलाफ अपना डंडा घुमना शुरू किया था जिसके चलते 5 जनवरी को स्मैके पावडर के साथ एक आरोपी को पकड़ते हुये उसके पास से लगभग 60 हजार रूपया कीमत की स्मैक इसके दूसरे दिन यानि की 6-7 जनवरी की दरम्यानी रात टीआई प्रियंका केवट की टीम द्वारा स्मैक पावडर के अंतर्राज्यीय दो आरोपियों को पकड़ते हुये उनके पास से लगभग 11 लाख रूपया कीमत का स्मैक पावडर जप्त करने में सफलता हासिल की गई थी। इस सफलता का खुलासा खुद ही अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया द्वारा पुलिस थाने में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान करते हुये टीआई प्रियंका केवट व उनकी टीम की प्रशंसा करते हुये कहा जा रहा था कि अब गाडरवारा क्षेत्र में स्मैक पावडर के अवैध कारोबार को जड़ से समाप्त होने में कोई संदेह नही है..? इस तरह टीआई प्रियंका केवट नेतृत्व में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर नगर के लोगों द्वारा भी प्रशंसा की जा रही थी और उम्मीद थी कि निश्चित तौर से टीआई केवट द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ अर्जित की गई बड़ी सफलता को लेकर उन्हें विभाग द्वारा पुरूस्कृत किया जावेगा। मगर उसी तारीख की शाम को टीआई प्रियंका का केवट का तबादला होने की खबर फैलते ही लोग हैरत में पड़ने से नही चूक पाये.., तथा चाय पान दुकानों पर यह चर्चा सुनाई देने से नही चूक रही थी कि स्मैक पावडर का अवैध कारोबार करने वालों को क्या इतने बड़े स्तर से संरक्षण प्राप्त हो रहा है या फिर वह इतने प्रभावशाली है कि जो भी टीआई उनके इस अवैध कारोबार में हाथ डालने का प्रयास करता है उसको गाडरवारा थाने की कुर्सी से हाथ धोना पड़ता है..? इस तरह प्रियंका केवट द्वारा स्मैक पावडर की तस्करी करने वाले अंतर्राज्जीय दो आरोपियों को पकड़ने के दूसरे ही दिन यानि की गाडरवारा पुलिस थाने में मात्र 2 माह 1 दिन का अल्प कार्यकाल व्यतीत करते हुये ट्रांसफर होना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? वही दूसरी ओर लोगों की जन चर्चाओं में यह बात सुनाई देने से नही चूक पा रहा है कि यदि इस तरह मादक पदार्थो के कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करने वाले टीआईओं का इस तरह तबादला होता रहा था गाडरवारा क्षेत्र से न तो मादक पदार्थो का अवैध कारोबार समाप्त होगा और न ही आने वाले समय में कोई टीआई स्मैक पावडर तस्करी करने वालों पर हाथ डालने की हिम्मत जुटा पायेगा..., इस हाल में तो अब गाडरवारा क्षेत्र का भगवान ही मालिक ही समझो..? वही दूसरी ओर टीआई प्रियंका केवट को मात्र दो माह आठ दिन के उपरांत तबादला करते हुये गाडरवारा थाने की बागडोर टीआई विक्रम रजक के हाथों में सौपी गई है। ज्ञात हो कि विक्रम रजक 11 माह पहले तक यानि की अगस्त 2023 से 24 फरवरी 2024 तक यानि की लगभग 6 -7 माह तक गाडरवारा पुलिस थाने में पदस्थ रह चुके है। इसके बाद लगभग 11 माह के उपरांत पुनः उन्हे गाडरवारा पुलिस थाने की बागडोर सौपी गई है।

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में एफएलएन मेलों के आयोजन पर देखने मिली अनोखी रौनक

गाडरवारा। शनिवार को क्षेत्रीय शासकीय स्कूलों मे कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों के लिए एफएलएन मेलों का आयोजन किया गया। इन मेलों मे विभिन्न स्टालों के अंतर्गत पंजीयन, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, बच्चों का कोना इत्यादि के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों यथा संतुलन, हाथ के कार्य, निशाना लगाना, चित्र वाचन, पढ़ना, गिनना, अंक पहचान, बढ़ते क्रम में, जोड़ घटाव, हाथों का समन्वय, सामाजिक व भावनात्मक विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर बच्चों की गतिविधियां कराई गईं । इसी प्रकार से क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक की शालाओं मे आयोजित इन मेलों मे बच्चों की माताओ को भी आमंत्रित किया गया था। विदित हो कि मेलों के आयोजन को लेकर जनशिक्षा केंद्र स्तर पर शिक्षकों का प्रशिक्षण पहले ही हो चुका था। जिले की कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले ने भी सोशल मीडिया पर संदेश के माध्यम से एफएलएन मेले के सफल आयोजन की अपील की थी। शनिवार को आयोजित हुए इन मेलों का बीईओ, बीआरसी, बीएसी, सीएसी, संकुल प्राचार्यो एवं जनशिक्षा केंद्र प्रभारियों ने भी अवलोकन किया एवं बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। विकासखंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय का बीते हुये दिवस जिला शिक्षा अधिकारी ए के ब्यौहार द्वारा निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि इस निरीक्षण के दौरान शाला एवं कक्षाये विधिवत संचालित पाई गई। वही जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने निरीक्षण में ईटी, आईटी, जीवविज्ञान एवं रसायन प्रयोगशाला, पाठ्यक्रम, दैनिक दैनंदिनी, पाठ्यक्रम पूर्णता की स्थिति निरीक्षण किया। उनके द्वारा अर्द्धवार्षिक परीक्षा के मूल्यांकन की समीक्षा करते हुए कक्षा दसवीं एवं बारहवीं वार्षिक परीक्षा हेतु विशेष निदानात्मक कक्षाएं संचालित करने, साप्ताहिक टेस्ट, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन एवं शालेय स्टाफ की बैठक आयोजित कर शिक्षको एवं छात्रों से बोर्ड परीक्षा संबंधित संवाद किया। उनके निरीक्षण में धनीराम मेहरा, संस्था प्राचार्य भूपेश ठाकुर, प्राचार्य चंदन शर्मा, भारत ताम्रकार, हेमंत शुक्ला, सत्यम ताम्रकार, विनीत नामदेव, सुलेखा शर्मा, रजनी सराठे सहित शालेय स्टाफ उपस्थित रहा।

### सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन आज



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। युवाओ के प्रणेता स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के मौके पर आज विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जायेगा । तत्सबंध मे जारी निर्देश के अनुसार सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि समस्त संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातः 9 से प्रातः 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जायेगा। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम मे स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा-6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे एवं कक्षा पहली से पाँचवी तक के बच्चे दर्शक रहेंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में शामिल विद्यार्थियों को योग और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व के बारे में भी बताया जायेगा।



# पतंग उड़ाने चाइनीज व कांच की परत वाले मांजा के उपयोग व विक्रय पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

पतंग उड़ाने के दौरान चाइनीज व कांच की परत लगे मांजा के चलते आये दिन जगह जगह घटनाये घटित होने की खबरे मिलना आम बात हो चुकी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जिला दंडाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं में पतंग उड़ाने में चायनीज मांजा का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। वही निर्देष दिया गया है कि पतंग उड़ाने के लिए केवल सादा धागा ही विक्रय किया जावे। वही क्षेत्र में चायनीज मांजा/ कांच की परत वाला मांजा विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। यह जानकारी आमजन के हित/ जानमाल की सुरक्षा के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के अंतर्गत प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित किया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों एवं पतंग बिक्री दुकानदारों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य युक्तियुक्त प्रावधानों के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। जिला दंडाधिकारी ने यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया है। उल्लेखनीय है कि मकर संक्रांति के त्यौहार पर कुछ समुदायों द्वारा पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता आयोजिता की जा रही है। साथ ही बच्चों/ व्यक्तियों द्वारा पतंग उड़ाई जा रही है, जिसमें उपयोग किये जाने वाले धागे में मांजा का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पतंग के धागे से लोगों के हाथ एवं शरीर के अंगों के कट जाने तथा सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिससे जानलेवा घटना घटित हो सकती है। जिले में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए यह प्रतिबंध लगाया गया है।

# पौष सोमवती पूर्णिमा के पूर्व रात्रि यानि की आज नर्मदा मार्गों पर भारी वाहनों की धमाचौकड़ी पर रोक लगाये जाने की उठ रही मांग, रात के समय पैदल व सरे भरते हुये जाने वाले भक्तों के लिये पैदा हो जाता है खतरा, प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधि रहें सतर्क





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** हमारे क्षेत्र के सौभाग्य है कि गाडरवारा तहसील से माँ नर्मदा का निकलना हुआ है, जिसके चलते हमारे क्षेत्र को बडी बड़ी मुश्वितों से माँ नर्मदा सदा ही रक्षा करती चली आ रही है। मॉ नर्मदाजी मे गाडरवारा क्षेत्र की ही नही बल्कि पूरा भारत वर्ष के श्रद्धालुओं की असीम आस्था है। मगर देखा जा रहा है के माँ नर्मदाजी के संरक्षण को लेकर सरकार द्वारा की जाने वाली सभी घोषणाये मात्र एक दिखाबा साबित होने से नही चूक पाती है तो दूसरी ओर नर्मदा के लिये पैदल जाने वाले भक्तों का जीवन भी असुरक्षित महसूस किये जाने लगा है। हर माह पूर्णिमा के अवसर पर देखा जाता है कि जहां नर्मदाजी के हर घाट पर भक्तों का मेला लग जाता है तो दूसरी ओर पूर्णिमा के पहले से ही क्षेत्र की सड़को से जहां सैकड़ो संख्या में भक्त सरे भरते हुये नर्मदा के लिये निकलते है तो दूसरी ओर पूर्णिमा के पूर्व रात्रि का महौल तो इस तरह से देखने मिलता है कि नर्मदाजी के लिये पहुंचने वाले मार्गो पर मानो जन सैलाब समाने का नाम ही नही लेता है। इस स्थिति में निश्चित तौर से नर्मदाजी के लिये पहुंचने वाले मार्गो से जिस तरह रात भर भारी भरकम डम्फरों सहित अन्य वाहनों की धमाचौकड़ी रहने के कारण इन भक्तों के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक पाता है? इस बात की सच्चाई बीते हुये कुछ वर्ष पहले उस समय देखने मिल भी चुकी है जब केकरा घाट सरे भरते हुये जा रही भक्तों के ऊपर एक वाहन के चढ़ जाने के कारण उनकी जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पाई थी? इसी बात को ध्यान में रखते हुये नर्मदा भक्तों द्वारा शासन प्रशासन के साथ साथ क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से मांग की जा रही है कि हर माह यानि की पूर्णिमा के पूर्व रात्रि पर नर्मदा की ओर जाने वाले मुख्य मार्गो पर भारी भरकम वाहनों में मुख्य रूप से डम्फरों की धमाचौकड़ी पर एक रात के लिये प्रतिबंध लगना चाहिये। क्योंकि कल सोमवार को पौसी तथा सोमवती व स्नान दान पूर्णिमा के चलते निश्चित ही आज रविवार की रात को माँ नर्मदाजी की ओर जाने वाले मार्गो पर पैदल जाने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूक पायेगी। क्योंकि लम्बे समय के उपरांत पौष माह के समाप्त होने पर सोमवती पूर्णिमा होने के चलते इसका महत्व अलग हो बताया जाता है। इसलिये आज की रात जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सहित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों नर्मदा भक्तों द्वारा अपेक्षा जताई गई है कि आज रात नर्मदाजी की ओर जाने वाले प्रमुख रूप से गाडरवारा से केकरा घाट तथा अन्य सभी मार्ग पर रात्रि के समय भारी वाहन मुख्य रूप से डम्फरों की धमाचौकड़ी पर रोक लगाने के आदेश देना चाहिये। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है सरकार द्वारा माँ नर्मदाजी के संरक्षण को लेकर आये दिन बड़ी बडी घोषणाये तो की जाती है। मगर उन पर अमल नही होने के कारण माँ नर्मदा लगातार प्रदूषित होने से नही बच पा रही है। यह बात अलग है कि माँ नर्मद क्षेत्र के हर तबके के लोग मॉ नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए क्या क्या कर रहे है यह बात सभी जानते है। मगर आये दिन देखा जाता है कि क्षेत्र की पावन माँ नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए लोगों द्वारा जहां सफाई अभियान चलाते हुए उसे प्रदूषण व गंदगी से मुक्त किया जा रहा है। वही कुछ लोग इस प्रकार के भी देखे जात है तो माँ नर्मदा की कृपा से अपना जीवन संभार रहे है जिसके चलत जहां प्रतिवर्ष सैकड़ो लोगों द्वारा माँ नर्मदा की नंगे पैर परिक्रमा करते हुए सुबह शाम जहां माँ नर्मदा की आरती व पूजन करने के साथ साथ हर माह अमावस्या व पूर्णिमा के अवसर पर माँ नर्मदाजी की शरण में सरे भरने से लेकर नंगे पैर पैदल पहुंचते है। इस प्रकार से आस्थावान लोगों के चलते माँ नर्मदा के हर घाटों पर मेले का स्वरूप देखने मिलता है और वही दूसरी ओर कुछ लोग इस प्रकार से भी होते है जो माँ नर्मदाजी में गंदगी फैलाने से नही चूकते है? कुछ लोगों को इस प्रकार से भी देखा जाता है जिनके मुंह मे राम बगल मे छुरी बाली कहावत को चरितार्थ करने में भी कोई कसर नही छोड़ते है? जिनका मॉ नर्मदा में पूजन करने का तरीका भी अनोखा होता है जो अपने घर की पूजन हवन सामग्री सहित अन्य सामग्री बड़े बड़े पालीथिनो मे लेकर पहुंचते है वही सामग्री माँ नर्मदा के निर्मल नीर में छोड़ते हुये गंदगी फैलाते हुये देखे जाते है। इस प्रकार से अपने घरों से लाई गई हवन पूजा सामग्री पालिथिन सहित नर्मदा जल मे डालकर मॉ नर्मदा के अमृत जल को प्रदूषित एवं गंदा करते हुये देखे जाते है। मगर इसके बाद भी माँ का ह्रदय इतना बड़ा होता है कि वह अपने आंचल को मेला करने वालों की सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये सदा ही उन्हें आर्शीवाद देते हुये देखी जाती है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा माँ नर्मदा के संरक्षण की बात कहते हुये अनेक प्रकार की योजनाएं तो चलाई जा रही है। मगर दूसरी ओर जिस प्रकार से माँ नर्मदा के जल को शहरों में घरेलू उपयोग से लेकर स्थापित हो रहे उद्योगों में पहुंचाने के लिये छूट प्रदान की जा रही है उसके चलते निश्चित तौर से माँ नर्मदा का स्वरूप बदलते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि माँ नर्मदा का जल जहां शहरों में पहुंचते हुये उसका घरेलू उपयोग होने के कारण माँ नर्मदा भक्तों की आस्था को ठेस पहुंचते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर उद्योग केन्द्रो में भारी मात्रा में नर्मदा जल ले जाने के कारण हर वर्ष नर्मदा जी के जल स्तर में कमी दिखाई देने से नही भी चूक पा रही है। मगर इस ओर न तो सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही अन्य अधिकारियों द्वारा जिसके चलते निश्चित तौर से माँ नर्मदा का अस्तित्व खतरे में पड़ते हुये दिखाई देते हुये जान पड़ रहा है? यदि माँ नर्मदाजी के प्रति सरकारों का यही रवैया यही रहा तो वह दिन दूर नही जब हम मॉ नर्मदा के सिर्फ दर्शन भर कर सकेगें उनके जल के लिये तरस जावेगें?

# माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वाधान में लगा तीन दिवसीय राजस्थानी मेला

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।




स्थानीय सुखदेव भवन में माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा तीन दिवसीय भव्य राजस्थानी मेले का आयोजन किया गया है। बताया जाता है कि इस मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी हुई हैं। वही मेले का पूर्व विधायक साधना स्थापक व नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा के आलवा एसडीएम कलावती ब्यारे के मुख्य आतिथ्य में राजस्थानी मेले का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित किया गया जिन्होंने माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा आयोजित सामूहिक गीता पाठ के कार्यक्रम में भाग लिया था । इस दौरान पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक स्थापक ने संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थानी मेला सामाजिक एकता को बढ़ावा देगा। मेले के आयोजन से लोगों को एक साथ आने का अवसर मिलता है और अपनी संस्कृति और परंपराओं को उत्साहित करता है । श्रीमती स्थापक ने गीता और रामायण का जिक्र करते हुए महेश्वरी महिला मंडल द्वारा आयोजित मेले की प्रशंसा की । इसी प्रकार से नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि माहेश्वरी महिला मंडल ने राजस्थानी मेला को उत्साह और आनंद का केंद्र बना दिया । धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यो में माहेश्वरी महिला मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। एसडीएम कलावती ब्यारे ने भी मेले के आयोजन की प्रशंसा करते कहा कि मेले में विभिन्न प्रकार की दुकाने सजने से एवं सांस्कृतिक व अन्य प्रेरणादायक कार्यक्रम का होना समाज को नई दिशा देता है। मेले में बीकानेरी ज्वेलरी, फैंसी साड़ियां ,एंटीक आइटम, बच्चों के गिफ्ट आइटम ,वूलन क्लॉथस, भगवान के श्रृंगार सामान, डिजाइनर सूट, पर्स गिफ्ट आइटम, जयपुरी बेडशीट एवं अनेक प्रकार के दैनिक उपयोग की चीजे मेला का आकर्षण केंद्र है। स्वादिष्ट व्यंजन लकी ड्रा एवं अनेक प्रकार के गेम्स भी प्रतिदिन किए जा रहे हैं।

# सीतारेवा नदी पुल के गड्ढों से निकल रही लोहे की राड दे रही बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण





हरिभूमि न्यूज/चीचली।

अक्सर देखा जाता है कि प्रशासन में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा जिस तरह सच्चाई को नजर अंदाज किया जाता है वह निश्चित तौर से एक बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पता है? वही जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है तो बाद में जिम्मेदार नेताओं से लेकर अधिकारियों द्वारा उस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुये अपनी कुंभकणी्र निंद्रा को भंग करते हुये उसके सुधार को लेकर प्रयास करना शुरू करते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के समीप सीतारेवा नदी पर बना हुआ पुल जो क्षेत्र के एनटीपीसी पावर प्लांट से लेकर अन्य गांवों को चीचली से जोड़ता है और इस पुल के ऊपर से प्रतिदिन दर्जनों गांवों के हजारों लोगों का चीचली आना जाना होता है। बताया जाता है कि इस पुल के ऊपर निकले हुये गड्ढो से इस समय लोहे की राडे निकलते हुये एक बड़ी घटना की ओर संकेत देते हुये देखे जाने के बाद भी उनके सुधार को लेकर न तो प्रशासन द्वारा कोई कदम उठाना उचित समझा जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा इस ओर ध्यान दिया जा रहा है इस तरह इस पुल की अनदेखी किसी दिन बड़ी घटना का कारण बनने से चूकने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। जबकि देखा जावे तो इस पुल से जहां प्रतिदिन अधिकारियों से लेकर जिम्मेदारों को निकलते हुये देखा जाता है जो अपने वाहनों से इन गड्ढो के बीच से सावधानी पूर्वक निकलकर चले जाते है।

## खबर संक्षेप

### अवैध गांजा परिवहन पर 4 को कठोर कारावास

अनूपपुर। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल की न्यायालय ने अवैध गांजा के परिवहन के 4 आरोपियों 27 वर्षीय राजकुमार गुप्ता पुत्र ईश्वरीप्रसाद गुप्ता वर्ष निवासी पैलवाहा थाना. गोहपारू, 22 वर्षीय शिवम पटेल पुत्र दिनेश प्रसाद पटेल निवासी ग्राम कछौहा थाना मानपुर जिला उमरिया हाल घरौला मुहल्ला शहडोल, 20 वर्षीय गोलू उर्फ राजकमल कुशवाहा पुत्र रावेन्द्र कुशवाहा निवासी मोहतरा थाना गोहपारू शहडोल एवं 29 वर्षीय भूपेन्द्र कुमार पटेल पुत्र राजबली पटेल निवासी ग्राम सिगुड़ी तहसील ब्यौहारी 10-10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1 लाख रुपएं के अर्थदण्ड की सजा सुनाई हैं। पैरवी लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने की। लोक अभियोजक ने बताया कि 19 नवंबर को 2022 की रात्रि में राजेन्द्रग्राम कार वाहन को गया तो वाहन का चालक पुलिस को देखकर वाहन को तेजी से मोड़ने का प्रयास करने लगाए लेकिन वाहन का पिछला टायर एक पत्थर में फँस गया। वाहन की तलाशी करने पर एक बोरी में 06 पैकेट मिले जिसमें गांजा पाया गया, तोल करने पर कुल वजन 25.600 किलोग्राम था जिस पर वाहन और गांजा को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए अपराध स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत न्यायालय के समक्ष चलान प्रस्तुत किया। जहां प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष की न्यायालय विचारण के पश्चाचत द्वोषी पाते हुए चारो आरापियों को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1,00,000 रू0 के अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

### 37 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी पुलिस गिरफ्त में



चचाई। आवेदक मनीष कुमार मालू पिता प्रदीप मालू उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड नं. 14 चेतना नगर बस्ती रोड़ अनूपपुर के द्वारा प्रस्तुत शिकायत आवेदन पत्र की जांच पर आरोपी दिवेश शुक्ला, आशा शुक्ला दोनों निवासी वार्ड नं0 09 विकलांग छात्रावास के पास अनूपपुर एवं पुष्पा गुप्ता, पंकज गुप्ता, दुर्गेश नारायण सिंह तीनों निवासी बलपुरवा शहडोल एवं रवीना राठौर निवासी पपरौड़ी थाना जैतहरी, धीरेन्द्र सिंह, अमित तिवारी दोनों निवासी अनूपपुर उपरोक्त सभी आठों आरोपियों के खिलाफ फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर ग्रामीण बैंक शाखा मेड़ियारास से 17,00,000 रुपए एवं ए.यू. स्माल फाईनेंस बैंक शाखा शहडोल मेन ब्रांच कटनी से 20,00,000 रुपए के लोन का लाभ लेना पाये जाने पर थाना चचाई में अप0 क्र0 10/2025 धारा 419, 420, 465, 467, 468, 471, 120-बी भा0द0स0 का कायम कर विवेचना की गई। दौरान विवेचना के आरोपी दिवेश शुक्ला पिता स्व. रामेश्वर शुक्ला उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड नं. 09 अनूपपुर को 9 जनवरी को गिरफ्तार किया जाकर आज 10 जनवरी को माननीय न्यायालय अनूपपुर में पेश किया गया जिसे माननीय न्यायालय व्द्वारा जेल वारंट जारी करने जिला जेल अनूपपुर में दाखिल कर दिया गया है। अन्य आरोपियों की पता तलाश हेतु पुलिस टीम गठित की गयी है। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में तथा अति0 पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी, एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के निर्देशन में निरीक्षक राकेश कुमार उईके थाना प्रभारी थाना चचाई के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक महिपाल प्रजापति, नागेश सिंह, कमलेश सिंह चौहान, आरक्षक नत्थू मोरे, दीपक मंडलोई की भूमिका रही।

### कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं नोडल अधिकारी नियुक्त

अनूपपुर। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पर्व पर जिले के विभिन्न स्थानों पर मेले का आयोजन होगा 14 एवं 15 जनवरी को मेल के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री हर्षल पंचोली के निर्देश पर अपर जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने जिले के अनूपपुर, जैतहरी, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ विकास खण्डो के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले मेले में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने नियुक्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह उक्त अवधि में थाना क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे सभी अनुविभागीय दंडाधिकारीयो को अपने-अपने अनुभाग अंतर्गत कानून व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो उक्त तिथियो पर सतत निगरानी रखते हुए कानून व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

डिंडोरी



मीडिया सेल प्रभारी एवं अभियोजन अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि, थाना शाहपुर के अप0क्र0 392ध्2023 सत्र प्रकरण क्रमांक 14ध्2024 के आरोपी इंदल सिंह उर्फ इन्द्रसिंह उर्फ नाड़े पिता नवलसिंह बैगा उम्र 45 वर्ष निवासी अझवार, हाल ग्राम रानीबुढ़ार थाना शाहपुर जिला डिण्डौरी को लोहे के सब्बल से सिर एवं शरीर में मारकर हत्या कारित करने के मामले में न्यायालय सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी को धारा 302 भादवि के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 1000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर 01 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताये जाने का आदेश पारित किया गया हैं।

### यह हैं पूरा मामला

आरोपी इंदल सिंह के छोटे भाई का विवाह मृतक की पुत्री के साथ हुआ था। इंदल सिंह का भाई घटना दिनांक 12.11.23 के करीब 4 वर्ष पूर्व मृतक के घर में फांसी लगाकर खत्म हुआ था, तो मृतक शराब पीकर कई बार इंदल सिंह से बोलता था कि तेरा भाई अच्छा मरा, मेरी लड़की बच गई। तेरी पत्नि इधर उधर अच्छा भागती है, तुझे रहना है तो तू रह नहीं तो तेरा भाई लटका था, वैसे ही तेरे को लटका देंगे,घटना दिनांक 12.11.23 को इंदल सिंह पूरा दिन मृतक के घर में बैठा रहा, शाम के करीब 5-6 बजे जैसे ही अंधेरा हो गया था, मृतक के घर में इंदल सिंह एवं मृतक के अलावा कोई नहीं था, मृतक घर के अंदर कमरे में लेटा था और इंदल सिंह को गाली बक रहा था, तब इंदल सिंह ने वहीं पास में रखे लोहे के सब्बल को उठाकर मृतक के सिर कमर में मारा, दूसरी बार छाती में मारा, मृतक सिर हिला रहा, तो इंदल सिंह ने सब्बल से उसके बांये कान में धार से मारा, जो मृतक के हाथ की कोहनी एवं पीछे पीठ में लगा और वह बेहोश हो गया, उसी समय मृतक की लड़की वहां आ गई, तो इंदल सिंह भाग गया। मृतक की लड़की मोहल्ले में चिल्लाने लगी कि इंदल सिंह ने उसके पिता को मार डाला। उसके बाद उसने मुझे घटना के बारे में बताया, तब में अपने पिता के घर आया, और देखा कि पिता के घर के अंदर कमरे में पिता चित हालत में पड़े हैं। उसके सिर में दाहिनी तरफ में चोट लगी होकर खून निकल रहा था। दाहिना कान कटा था, जिससे तथा नाक में से भी खून निकल रहा था। दाहिनी तरफ छाती में भी अंदरूनी चोट थी। खबर लगते ही मोहल्ले, गांव के काफी लोग आ गये, 108 एम्बुलेंस को फोन लगाया। जिला अस्पताल डिण्डौरी ले जाकर भर्ती किया जहां मृतक बेहोश था। पश्चात उसकी मृत्यु हो गई। उक्त मामले में थाना द्वारा रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना की गई। विवेचना में संकलित साक्ष्य के आधार पर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, अभियोजन के साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय सत्र न्यायाधीश डिण्डौरी द्वारा उपरोक्तानुसार दण्ड से दण्डित किया गया.

# टायर फटने से अनियंत्रित हुई बस दर्जनों यात्री घायल, बड़ा हादसा टला

**दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेंस, घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल**

### डिंडौरी जिला मुख्यालय के नजदीक सेमर तिराहा के पास की घटना





डिंडोरी। अमरकंटक - डिंडौरी मार्ग में लगभग 4 बजे तेज रफ्तार यात्री बस की टायर फटने से अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई, अचानक हुई सड़क हादसे से अफरा तफरी मच गई, बस में सवार कई लोगों को गंभीर रूप से चोट लगी है, वहीं दर्जनों लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी लगते ही तत्काल कोतवाली पुलिस सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर बस में फंसे लोगों को बाहर निकालते हुए एंबुलेंस वाहन में शिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया गया, 24 यात्रियों को मामूली चोट आई है वहीं आधा दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल है, घायलों का ईलाज जिला अस्पताल में जारी है। बताया गया कि यात्री बस अमरकंटक से डिंडौरी की तरफ आ रही थी, इसी दौरान टायर फटने से अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई, बताया गया कि टायर सड़क किनारे रखे गोबर में धस गई जिससे बड़ा हादसा होते होते टल गया।

# शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में विश्व हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



डिंडोरी। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था प्रभारी संदीप सिंह के निर्देशन में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्यनरत बीए द्वितीय वर्ष के छात्र सेवंत परस्ते एवं बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनिका के द्वारा हिंदी भाषा उपयोगिता पर भाषण दिया गया। तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी देव प्रकाश उईके के द्वारा हिंदी भाषा के इतिहास एवं उसके महत्व पर व्याख्यान दिया गया। आयोजित कार्यक्रम को एनएसएस प्रभारी रूपेंद्र वरकड़े, डॉ. सीमा सत्या, डॉ. सुनील काकोड़िया एवं अन्य पदाधिकारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र हेमेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा के द्वारा किया गया।

# आकांक्षी ब्लॉक बजाग की हुई समीक्षा बैठक

डिंडोरी



आकांक्षी विकासखंड बजाग एवं आदर्श ग्राम चाड़ा की समीक्षा बैठक अनुविभागीय अधिकारी भारती मेरावी मैडम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें विकास खंड स्तरीय समस्त विभागों के अधिकारी प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख रूप से आदर्श ग्राम चाड़ा के सभी पात्र हितग्राहियों को सत प्रतिशत जन मन योजना के तहत सभी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु समीक्षा की गई। जिसमें आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, संभल कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, उज्ज्वला योजना, सत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को शौचालय, सिकल सेल की पहचान, मातृ वंदना योजना,पात्र हितग्राहियों का खाता खुलवाना, सभी पात्र ग्रहियों का जाति प्रमाण, पीएम आवास योजना, हर घर टेप वॉटर कनेक्शन, हर घर बिजली कनेक्शन,सामाजिक पेंशन योजना, मातृ वंदना, सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण आदि की समीक्षा की गई।

साथी आकांक्षी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले समस्त इंडिकेटरों जैसे गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, संस्थागत प्रसव, कम वजन वाले बच्चों की देखभाल व पोषण की व्यवस्था, सुविधाओं युक्त ब्लॉक में स्वास्थ्य केंद्र, उक्त रक्तचाप की जांच, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की देखभाल, कार्यात्मक शौचालय के साथ संचालित आंगनबाड़ी केंद्र, पेय जल सुविधाओं, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाना, बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने हेतु छात्राओं के लिए योजना, खुले में शौच मुक्त घोषित गांव बनाना, बैंकिंग टच प्वाइंट सभी ग्राम पंचायत में आदि को लेकर योजनाएं तैयार की गई। इन सभी योजनाओं को हितग्राहियों तक पहुंचाने एवं सभी इंडिकेटरों पर कार्य करने के लिए सभी खंड स्तरीय अधिकारियों को योजना तैयार करने एवं उसको जमीन स्तर पर क्रियान्वन करने के भी निर्देश दिए गए।

# छात्र छात्राओं के साथ वन विभाग ने मनाया अनुभूति कार्यक्रम



डिंडोरी। सामान्य वन मंडल डिंडोरी के वन परिक्षेत्र शाहपुर में अनुभूति कार्यक्रम अंतर्गत वन परिक्षेत्र शाहपुर एस, डी, ओ,अशोक सुमन, रेंजर सुदीप मिश्रा, डिप्टी रेंजर सुदामा ठाकुर एवं स्टाप के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहपुर के छात्र छात्राओं को गोरखपुर के जंगल का भ्रमण कराकर बच्चों को पेड़ पौधों के महत्व वा जीव जंतुओं के बारे में बताया गया, विभिन्न व्रक्षों वन्य प्राणियों पक्षियों पारिस्थतिकी तंत्र ,खाद्य श्रृंखला वन विभाग का पदानुक्रम आदि के विषय में जानकारी दी गई, बच्चों को मिशन लाइफ अंतर्गत अनुभूति की थीम “”मैं भी बाघ , मैं भी बाघ , हां मैं भी बाघ “”थीम गान के स्वरों और “” जंगल की रक्षा कौन करेगा ? हम करेगें....हम करेगें इसके पश्चात क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र छात्राओं के तीन ग्रुप(1) सागौन (2) साजा (3)साल बनाएं गए ट्रेनरों के द्वारा छात्र छात्राओं से जंगल के पेड़ पौधों एवं वन्य प्राणियों के विषयों में सवाल पूछे गए,वही निर्णायक मंडल की भूमिका में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहपुर के वरिष्ठ शिक्षक मो शहीद खान एवं उच्च मा शिक्षक प्रमोद ठाकुर रहे,प्रथम स्थान पर साजा ग्रुप,द्वितीय स्थान पर साल ग्रुप, एवं तृतीय स्थान पर सागौन ग्रुप रहा,प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ग्रुप को एस डी ओ एवं रेंजर के द्वारा सील्ड एवं प्रमाण पत्र दिए गए, वन विभाग के अधिकारियों ने बच्चों को बताया कि वन विभाग की अवधारणा रही है कि वन्य जीव एवं पर्यावरण के संरक्षण के उद्देश्य की पूर्ति के लिए जन सामान्य में जागरूकता विकसित करना आवश्यक है और जागरूक समाज ही प्रकृति के संरक्षण के लिए संवेदनशीलता रख सकता है वन विभाग द्वारा वन हुआ वन्य जीव के बेहतर प्रबंधन का एक मूल वनों के प्रति सजकता बनाए रखना ही है इस अवधारणा के आधार पर भावीं पीढ़ी का वन वन्यजीव एवं पर्यावरण के प्रति भावनात्मक जुड़ा व विकसित करने हेतु वनांचलों के आसपास निवासरत स्कूली विद्यार्थियों के लिए अनुभूति कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2016-17 में की गई मध्य प्रदेश में आयोजित अनुभूति देश में एकमात्र कार्यक्रम है, जिसमें इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को वन विभाग द्वारा प्रकृति और वन्य जीव के संरक्षण के बारे में शिक्षित किया जाता है, !

# राम जन्मभूमि अयोध्या की प्रथम वर्षगांठ पर शहपुरा में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**महाआरती एवं दीपदान का हुआ आयोजन**



शहपुरा - श्री राम जन्मभूमि अयोध्या मंदिर के उद्घाटन की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर शहपुरा नगर के श्री राम जानकी मंदिर से प्रातः कालीन बेलामें भगवान श्री राम लला की भव्य पालकी शोभा यात्रा निकल गई भजन कीर्तन करते हुए श्रद्धालुओं ने संपूर्ण शहपुरा नगर का भ्रमण करते हुए भगवान श्री राम का जय घोष किया जगह-जगह भगवान की पालकी यात्रा का पूजन अर्चन और स्वागत किया गया दोपहर में 12:00 बजे भगवान श्री राम लाल की भक्ति महा आरती एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया संध्या काल की बेला में विशाल दीपदान का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।



# बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक एवं रेलवे मजदूर कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

अनूपपुर।

मंडल सभागार में मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर राजमल खोईवाल की उपस्थिति में साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ औपचारिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, अपर मंडल रेल प्रबंधक चंद्रभूषण सहित सभी केन्द्रीय एवं शाखा पदाधिकारी बैठक में रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के महामंत्री पीताम्बर लक्ष्मी नारायण, मंडल समन्वयक बिलासपुर बी कृष्ण कुमार सहित केन्द्रीय पदाधिकारी डी के स्वाइन, रविधल, विजय अग्निहोत्री, डी डी महेश, आर के यादव, राजेश खोबरागड़े, जी एस आईच, राजकुमार साडें अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर द्वारा नवनिर्वाचित श्रम संगठन मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों का एवं मजदूर कांग्रेस द्वारा मंडल रेल प्रबंधक का स्वागत किया गया, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ अंशुमन मिश्रा के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, कार्यक्रम का शानदार संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी बिलासपुर राघवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया की रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं मंडल रेल प्रबंधक के मध्य सकारात्मक चर्चा हुई, मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक बी कृष्ण कुमार ने बैठक में मांग की ट्रैक मेंटेनर साइकल एलाउंस का आदेश तत्काल जारी किया जाए, जंगल क्षेत्र में जंगली जानवर खासकर शेरों के आतंक के बीच ट्रैक मेंटेनर की सुरक्षा की व्यवस्था हो, ट्रैक मेंटेनर के पेट्रोलिंग बीट 16 किलोमीटर से 12 किलोमीटर तत्काल प्रभाव किया जाए, रनिंग कर्मचारियों की समस्याओं को हल करने के लिए जल्द विशेष बैठक कर निराकरण किया जाए इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मजदूर कांग्रेस की मांगों जल्द ही पूरा करेंगे, साइकल एलाउंस जारी होगा आप रेल की प्रगति एवं विकास में अपना बहुमूल्य सुझाव के साथ ही कर्मचारी कल्याण के मुद्दों से रेल प्रशासन को अवगत कराएं। हम चाहते हैं कि हम सभी मिलकर न केवल समस्याओं का समाधान करेंगे, बल्कि भविष्य के लिए ऐसी रणनीति बनाएँगे जिससे न केवल संगठन और कर्मचारी, बल्कि हमारी पूरी रेल व्यवस्था प्रगति की ओर बढ़े।

# बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान मेला का कलेक्टर ने किया अवलोकन

## नन्हें बच्चों के सटीक जवाब से हर्षित हुये कलेक्टर श्री पंचोली

अनूपपुर।



राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार 11 जनवरी को जिले के सभी प्राथमिक शालाओं के कक्षा 1 एवं 2 के बच्चों हेतु बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) मेला का आयोजन किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिपं. सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिले के जैतहरी विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय छकौडीटोला व शासकीय प्राथमिक विद्यालय मानपुर पहुंचकर बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) मेला का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा केन्द्र के डीपीसी आशुतोष कुशवाहा, एपीसी संतोष तिवारी सहित अन्य संबंधित जन उपस्थित थे। इस दौरान एफएलएन मेले में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का विभिन्न स्टाल लगाकर डिमोस्ट्रेशन किया गया। जिसमें पंजीयन, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी और बच्चों का कोना शामिल थे। जानकारी देते हुए बताया गया कि कक्षा 1 व 2 के बच्चे अपने माता-पिता के साथ मेले में भाग लेंगे जहाँ सर्वप्रथम बच्चों का पंजीयन स्टाल पर पंजीयन किया जाएगा और उन्हें एफएलएन मेला रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा, जिसे बच्चे के द्वारा मेले में लगे अलग-अलग स्टाल पर विभिन्न गतिविधियों में प्रदर्शन के आधार पर भरा जाएगा।

### छात्रों ने सही उत्तर देकर कलेक्टर को किया मोहित

अवलोकन के दौरान कलेक्टर हर्षल पंचोली ने छात्र-छात्राओं से चर्चा की। चर्चा के दौरान कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं के सामान्य ज्ञान की परीक्षा ली। कलेक्टर ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, भारत की राजधानी, अनूपपुर जिले के कलेक्टर के संबंध में प्रश्न किए, जिनका छात्र-छात्राओ ने सटीक और सही उत्तर दिया। प्राथमिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के इस बेबाक अन्दाज से कलेक्टर काफी प्रभावित हुए तथा मौके पर उपस्थित शिक्षिका को निर्देश दिए के वह छात्र-छात्राओं का सतत मार्गदर्शन करें तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, छात्र-छात्राओं को सामान्य ज्ञान की जानकारी भी दें। इस दौरान कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन की भी जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि उन्हें मध्यान्ह भोजन में दाल, रोटी, सब्जी दी गई है।

### अभिभावकों से कलेक्टर की अपील

बच्चों के बेहतर प्रदर्शन करने से कलेक्टर काफी प्रभावित हुए तथा संबंधितों को निर्देश दिया कि इस प्रकार की गतिविधियां पूरे साल लगातार कराई जाए जिससे बच्चों का विकास होगा उन्होंने कहा कि माता-पिता भी विद्यार्थियों के मानसिक विकास हेतु इस प्रकार की गतिविधियां घर पर भी कराए। उन्होंने कहा कि यह बच्चों का ऐसा समय है जिसमें इनका मानसिक विकास सबसे अधिक होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां सतत रूप से की जानी चाहिए प्रत्येक स्कूल में इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाए।

### नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार के आरोपी को बीस वर्ष का सश्रम कारावास

अनूपपुर। माननीय विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट एवं अपर सत्र न्यायाधीश अनूपपुर के न्यायालय द्वारा अपने समक्ष विचाराधीन विशेष प्रक0 क्र. 01/24 थाना जैतहरी के अपराध क्र. 529/2023 धारा 363 366, 368, 376, 376(2)एन, 506 भाग-2 सहपठित धारा 109 भादवि 3/4, 5एल/6 एवं 16/17 पॉक्सो एक्ट के आरोपी परसू उर्फ पकसू वासुदेव उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम मजीरा, चौकी केशवाही, थाना बुढ़ार जिला शहडोल को अधिकतम 03 वर्ष एवं कुल 4000 रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया है एवं पारस वासुदेव पिता स्व. लल्ला वासुदेव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बटुरा, थाना अमलाई, जिला शहडोल को अधिकतम 20 वर्ष सश्रम कारावास व कुल 10000 रू. के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी हेमन्त अग्रवाल द्वारा की गई।

**खबर संक्षेप**

## निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं शिविर

**गोटेगांव।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्व.चौ.सुरेश चंद्र जैन(बापा जी), चौ.विकाश जैन एंव सुप्रसिद्ध सृजन अपोलो हॉस्पिटल के डॉ.नितिन जैन की पावन पुण्य स्मृति में दिनांक 17 जनवरी 2025दिन शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन श्रीधाम हॉस्पिटल में किया जा रहा है जिसमें अपोलो हॉस्पिटल अहमदाबाद से डॉ.सुधीर अदालती हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ.प्रवीण सक्सेना सीनियर सर्जन,अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे साथ ही डॉ अखिलेश तिवारी, डॉ.दीपक मिश्रा, डॉ. ए. वर्मा, डॉ. राकेश कुमार,डॉ शैलजा गुप्ता भी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे स्वास्थ्य शिविर मे विशेष रूप से श्री शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा सभी मरीजों की निशुल्क नेत्र जांच भी की जावेगी चौधरी परिवार को अपील की गई है समस्त नगरीय एंव ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत मरीजों से निवेदन है कि 17/ जनवरी / 2025को प्रातः 10/बजे से शाम 4बजे तक श्रीधाम हॉस्पिटल पहुंचकर नि.शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ अर्जित करे।

## 35 वां श्री शतचंडी यज्ञ एवं श्री भागवत कथा प्रवचन

**तेंदूखेड़ा।** पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तीर्थ कैलाश कुटी ललिता घाट हीरापुर में स्वामीजी महाराज की तप साधना स्थली मां राजराजेश्वरी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 29जनवरी मंगलवार से 4 फरवरी तक 35वां श्री शतचंडी यज्ञ एवं श्री भागवत कथा प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है।4 फरवरी को पुण्य सलिला मां नर्मदा जी जयंती महोत्सव पर विशाल भंडारे के साथ समापन होगा।यज्ञ अवधि में मानस पियूष पं कृष्णकांत जी शास्त्री के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक प्रवचन होंगे।

## मृगन्नाथ धाम में 15 वां श्री सीताराम महायज्ञ 30 से

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित पीपरवानी पान की पहाड़ी पर स्थित प्राचीन सिद्ध स्थल मृगन्नाथ धाम में विगत 15 वर्ष से चली आ रही श्रंखला के चलते इस वर्ष भी आगामी 30 जनवरी से श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 30 जनवरी से विशाल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होने वाला यह महायज्ञ 7 फरवरी तक चलेगा जो विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा।साथ 31 जनवरी से 6 फरवरी तक पं विकास शर्मा के द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के माध्यम से भगवान की लीलाओं का वर्णन किया जायेगा।

## जिला स्तरीय सम्मेलन आज

**तेंदूखेड़ा।** वैश्य महासम्मेलन मप्र की जिला इकाई नरसिंहपुर के तत्वावधान में आज तेंदूखेड़ा के कलश गार्डन परिसर में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर दो बजे से आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी तथा मप्र शासन के पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह नर्मदा पुरम संसदीय क्षेत्र सांसद चौ दर्शन सिंह क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश पूर्व विधायक संजय शर्मा भैयाराम पटेल जिला भाजपा अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहेंगे। आयोजन समीति ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।



### 1134 स्कूलों में हुआ एफएलएन मेले का आयोजन

# कलेक्टर व एसपी ने किया मेले का अवलोकन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत निपुण भारत अभियान 2027 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कक्षा पहली व दूसरी के बच्चों को बुनियादी ज्ञान पर जोर देने के लिए जिले की समस्त 1209 शासकीय शालाओं में एफएलएन मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका ने शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला देवरी- राजमार्ग व शासकीय प्राथमिक शाला टोला क्रमांक एक तेंदूखेड़ा में आयोजित एफएलएन मेले का अवलोकन किया।



### कलेक्टर एसपी ने किया मेले का निरीक्षण

कलेक्टर एवं एसपी ने मेले में लगाए गए स्टॉलों पर जाकर बच्चों से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के संबंध में चर्चा की। चर्चा के दौरान बच्चों द्वारा सही जवाब देने पर ट्रॉफी देकर उनका सम्मान किया और उत्साहवर्धन किया। बच्चों के शैक्षणिक स्तर की स्थिति एक सरल तरीके से मेले में तरह-तरह की गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक और बौद्धिक विकास से अभिभावक अवगत हुए, जिसकी जानकारी एक रिपोर्ट कार्ड द्वारा दी गई। एफएलएन मेला समुदाय में बच्चों के शिक्षण के प्रति जागरूकता निर्माण के लिए सहायक है।

### 1134 प्राथमिक शालाओं में लगा मेला

इस दौरान जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी, एपीसी समीर त्यागी और बच्चों के अभिभावक मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि कक्षा पहली व दूसरी के बच्चों के बुनियादी ज्ञान जैसे समझकर पढ़ना, लिखना, संख्या ज्ञान तथा उनके सर्वांगीण विकास पर जोर देने के लिए जिले की 1209 शासकीय प्राथमिक शालाओं में एफएलएन मेले का आयोजन जाना है, जिसके तहत 11 जनवरी को 1134 शासकीय प्राथमिक शालाओं में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। शेष 75 शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में 13 जनवरी को एफएलएन मेले का अयोजन किया जायेगा।

### मेले के दौरान बच्चों से पूछे सवाल

सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत जन शिक्षा केन्द्र रोसरा के एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय रानी पिपरिया में एफएलएन मेले का अवलोकन किया। यहां कक्षा दूसरी के छात्र सिद्धार्थ ठाकुर का अभिभावक की उपस्थिति में मेले में पंजीयन करवाया। सीईओ जिला पंचायत ने कक्षा पहली एवं दूसरी के छात्र- छात्राओं से मेले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान से संबंधित बच्चों का कोना बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की तैयारी, शारीरिक विकास से संबंधित शैक्षणिक सामग्री के माध्यम से बच्चों से सवाल पूछे। बच्चों से सकारात्मक उत्तर पाकर सीईओ जिला पंचायत ने सराहना की और बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। सीईओ जिला पंचायत ने पालकों से संवाद में कहा कि वे बच्चों के साथ विद्यालय की गतिविधियों में सहयोग आवश्यक है। इसके लिए अवश्य समय निकालें और बच्चों के साथ विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागी बनें। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती पुष्पलता मेहरा, पीयूष चैपावर, विकासखंड स्रोत समन्वयक ओपी राय, बीएससी विनोद झारिया, जनशिक्षक आरपी शर्मा, संजय मेहरा, प्रधान पाठक ओपी प्रजापति, एवं समस्त शाला परिवार व अभिभावक मौजूद थे।

## बरमान मेले का शुभारंभ आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य और प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर बरमान मेले का शुभारंभ रविवार 12 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे से ग्राम पंचायत बरमान खुर्द के ब्रह्मांड घाट में किया जायेगा। कार्यक्रम में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद नर्मदापुरम चै. दर्शन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, इंजी. अभिलाष मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व विधायक भैयाराम पटेल, जनपद पंचायत चावरपाठा के अध्यक्ष सोबरन सिंह ठाकुर व उपाध्यक्ष आयुष रघुवंशी की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटैल करेंगे।

## गुड़ भट्टियों के लिए सेंपल व स्वच्छता की दी ट्रेनिंग



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता एवं सारिका दुबे के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग नरसिंहपुर द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से सिंहपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान नागरिकों खाद्य पदार्थ खरीदते समय उसकी निर्माण तिथि एवं अंतिम तिथि और फूड फोर्टिकेशन के बारे में विस्तार से बताया व नागरिकों को जागरूक किया। इस दौरान मसालों आदि की मौके पर ही जांच कर मसालों के कलर के विषय में भी लोगों को जानकारी दी। खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से नरसिंहपुर के दादा महाराज बायपास में गुड़ भट्टियों से गुड़ के सैंपल लिये गये और स्वच्छता संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

## सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम रविवार 12 जनवरी को उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में प्रात 9 बजे से 10.30 बजे तक आयोजित किया जायेगा। सामूहिक सूर्य नमस्कार पल प्रतिपल कार्यक्रम के अनुसार 9 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर विद्यार्थियों का मैदान में एकत्रीकरण एवं सूर्य नमस्कार के लिए अपेक्षित दूरी पर पंक्तिबद्ध होंगे। प्रात 9.20 बजे मुख्य अतिथि व अन्य जनप्रतिनिधियों का आगमन, 9.28 बजे मां सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व मुख्य अतिथि का स्वागत, राष्ट्रीय गीत वंदे मारतम्, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी व मुख्यमंत्री का संदेश व सामूहिक सूर्य एवं प्रणायाम आकाश वाणी के मध्यप्रदेश के सभी केन्द्रों से सीधा प्रसारण प्रात 9.30 बजे से 10.15 बजे तक और आभार व कार्यक्रम का समापन प्रात 10.30 बजे किया जायेगा।

## सी.एम.राईज स्कूल करेली के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के आदेशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति से स्कूली छात्र-छात्राओं को अवगत कराने तथा उनके कैरियर काउंसलिंग की दिशा में सी.एम. राईज स्कूल करेली के छात्र-छात्राओं के दल ने एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। उल्लेखनीय है कि कक्षा 9 वीं से 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों से परिचय कराने हेतु केरियर काउंसलिंग कैंप में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने विषय चयन, विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रम, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां आई.टी. क्षेत्र में रोजगार के अवसर, सेल्फ स्टार्टअप तथा कौशल विकास हेतु विस्तार से प्रकाश डाला। शिक्षा संकाय विभागाध्यक्ष डॉ. दीपिका शर्मा द्वारा कैरियर गाइडेंस के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कला संकाय प्रभारी विभागाध्यक्ष श्रीमती आराधना दुबे द्वारा प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी सूक्ष्मता से अवगत करायी गयी। छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की अधोसंरचना अतंर्गत समस्त प्रयोगशालाओं एवं पुस्तकालय का भ्रमण कराया गया। आभार प्रदर्शन नवीन दुबे नोडल अधिकारी सी.एम. राईज स्कूल करेली द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. एस.एन. राव, विभागाध्यक्ष श्रीमती अनीता रघुवंशी, आई.टी. आफिसर अमित राज सोनी, प्रसून नेमा, जैनेन्द्र जाट, हेमराज सेन, कृष्णकांत जाटव एवं सी.एम. राईज स्कूल करेली से नीतेश जैन आई.टी. ट्रेनर्स, निधि साहू आई.टी. शिक्षक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।



## 126 विद्यार्थियों को कराया झिराघाटी जंगल का भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मप्र ईको पर्यटन विकास बोर्ड एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वन मंडल नरसिंहपुर, परिक्षेत्र बरमान के झिराघाटी में ष्मैं भी बाघ- हम हैं बदलाव की थीम पर अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी के तहत शासकीय हाई स्कूल बरमान एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा के 126 विद्यार्थियों को झिराघाटी जंगल का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में प्रकृति पथ पर विद्यार्थियों को पक्षीदर्शन, वन्यप्राणी एवं स्थानीय वनस्पति की जानकारी दी गई। वन विभाग द्वारा कराये गये कार्यों से बचचें को अवगत कराया गया। भोजन उपरांत बच्चों का लघु वनोपज, जड़ी- बूटियों, मिशन लाईफ प्रो- प्लेनेटपीपल के संबंध में भी जागरूक किया गया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं शपथ ग्रहण का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंजी. अभिलाष मिश्रा, दीपक राय, दीपक शर्मा, सरपंच अमथनु सुरेश पटेल, ग्ारम वन समिति अध्यक्ष दिनेश तिवारी, राजू ठाकुर, उप वन मंडल अधिकारी नरसिंहपुर गोपाल सिंह, मास्टर ट्रेनर सुश्री शालिनी बघेल, अनुभूति प्रेरक आरएस खरे, वन परिक्षेत्र अधिकारी बरमान गौरव वानखेड़े, वनपाल गोपाल प्रसाद पटेल, प्रभात कुमार पटेल, वन रक्षक बृजेश ठाकुर शिक्षक- शिक्षिकायें, वन विभाग का स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद थे।

## लोगों की सक्रियता से पकड़ा मोबाइल चोर

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार के दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार में मोटरसाइकिल चोरी और मोबाइल चोरी की घटनाएं बढ़ती ही चली जा रही है। और चोर पकड में नहीं आ पा रहे हैं। लेकिन शनिवार के दिन युवाओं की



सक्रियता कामयाब हुई।एक दुकान पर मोबाइल खरीदते समय दो युवा चोर पहुंचे और वहां अन्य ग्रामीणों के बीच जाकर दुकान पर खड़े हो गए।पलक झपकते ही मोबाइल उठाकर जा ही रहे थे कि अचानक लोगों ने देख लिया। लेकिन मोबाइल दूसरे युवा को थमा दिया मोबाइल लेकर वह तो चंपत हो गया लेकिन उठाने वाला हत्थे चढ़ गया।जिसे पकड़कर पुलिस के हबाले कर दिया गया है।वह रायसेन जिले के उदयपुरा के समीप कैकडा गांव का बता रहा है। यदि पुलिस सख्ती से पूंछताछ करेगी तो निश्चित तौर पर अभी तक चोरी हुये मोबाइलों की जानकारी के साथ पूरा गिरोह का पर्दाफाश हो सकता है।

## भारत विकास परिषद शाखा की बैठक आयोजित हुई



**तेंदूखेड़ा ।** भारत विकास परिषद शाखा तेंदूखेड़ा की बैठक आयोजित हुई जिसमें राष्ट्रीय अधिवेशन प्रांतीय एवं केन्द्रांश पर चर्चा हुई साथ में आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई जिसमें निःशुल्क नेत्र शिविर स्वामी विवेकानंद जयंती पर गोष्ठी का आयोजन विषयों पर चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम् गीत से हुई। इस मौके पर रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी ने भारत विकास परिषद् का विस्तृत परिचय दिया एवम् नए सदस्यों से परिचय प्राप्त किया वहीं प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी ने राष्ट्रीय अधिवेशन पर विस्तार से चर्चा की राजेंद्र राजपूत जिला समन्वयक ने केंद्रांश व प्रांतांश के महत्व पर प्रकाश डाला शिरीष पुरोहित जिला शाखा प्रभारी ने संगठन की मजबूती के बारे में चर्चा की।शाखा संरक्षक रजनीश जैन ने सभी को मिलकर भारत विकास परिषद के लिए क्षेत्र में समाजिक कार्यों को बढ़ाना है । अध्यक्ष रामकुमार ठाकुर ने भारत विकास परिषद के माध्यम से क्षेत्र में अलग पहचान पीड़ित वर्ग के सहयोग की बात रखी। कार्यक्रम का संचालन शचींद्र गुप्ता द्वारा किया गया एवं आभार सचिव अमित खरे ने व्यक्त किया। बैठक के उपरांत भारत विकास परिषद प्रांतीय सेवा प्रमुख पूनम मिश्रा की माता जी के निधन पर परिषद के सभी सदस्यों द्वारा मौन धारण कर श्रंद्धाजलि अर्पित की। इस अवसर पर संस्कार प्रमुख बसंत खैरोनिया कोषाध्यक्ष पंकज स्वदेशी राजू पाली मुन्ना साहू त्रिलोक जैन गगन अग्रवाल रुपम विश्वकर्मा मनखेडी वाले रामस्वरूप पटेल महेश पटेल उपस्थित रहे।

## सूखने लगी मसूर की फसल 150 से अधिक एकड़ की फसल सूखी



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र से लगे खमरिया बरांझ रम्पुरा तथा बिजोरा वीरान में लगी लगभग 150 एकड़ से अधिक जमीन की मसूर फसल सूखने लगी है। हमारे प्रतिनिधि को प्रभावित कृषक निरंजन सिंह एवं महेंद्र सिंह ने बताया कि 70 से 80 प्रतिशत फसल लगभग खराब हो चुकी है। फसल सूखने का सबसे बड़ा कारण फसल में अधिक पानी होना बताया जा रहा है।इस फसल में कुछ ही दिन पूर्व पानी दिया था कि अचानक बरसात हो जाने के कारण फसल में अधिक पानी हो गया कोहरा छाया रहने तथा अनुकूल माहौल ना मिल पाने के कारण फसल सूखने लगी है। प्रभावित कृषकों का कहना है कि धीरे-धीरे मात्रा बढ़ती ही चली जा रही है। किसानों को इससे ज्यादा नुकसान हो रहा है।

## किसानी स्कूल में मेला आयोजित



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के किसी प्राथमिक विद्यालय मे कक्षा एक एवं दो के छात्रों के लिए समस्त छात्रों के सहयोग से FLN मेला एवं व्यंजन मेला का आयोजन किया गया आयोजन में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव आदरणीय सरदार सिंह पटेल,जालम सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शाला परिवार की ओर से शिक्षक सीमा सोनी,वंदना पटेल,शिक्षा नामदेव, रामकुमार सेन,उमाशंकर छिरा(BAC), विकास साहू (जन शिक्षक), अजित कुमार सोनी (जन शिक्षक), मनीष राज जैन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा अभिभावक उपस्थित रहे

## बाल हिंसा विषय पर रंगोली बनाकर नागरिकों को किया जागरुक

### विधायक महेंद्र नागेश ने रंगोली की प्रशंसा



**गोटेगांव।** राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में बाल संरक्षण पर जिले से चयनित आगाज इंटर्न कु.अंबिका नामदेव बाल हिंसा विषय पर जनजागरूकता का कार्य कर रही है जिसमें ग्राम गुर्रा में बाल हिंसा से संबंधी रंगोली बनाकर ग्राम के लोगों को जागरूक किया एवं बाल और किशोर क्या है उनके बारे बताते हुए उनके अधिकारों के बारे में ग्राम वासियों को जानकारी दी साथ ही अगर बाल ,किशोरो को कोई समस्या आती है तो वह चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, वा पुलिस हेल्प लाइन नंबर 100, 112 जो बच्चो के लिए 24 घंटे उपलब्ध निशुल्क राष्ट्रीय आपातकालीन फोन सेवा है इन नंबर मे कॉल कर अपनी समस्या बता सकते हैं इस कार्यक्रम मे गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश एवं गांव के नागरिक उपस्थित रहे श्री नागेश ने बताया कि बाल हिंसा जैसी कुरीतियों को समाज से मिटाना है इसके लिए जरूरी है लोगों को जागरूक होना है 1श्री नागेश ने अंबिका नामदेव को अपनी शुभकामनाएं दी एवं कहा कि इसी तरह जन जागरूकता का कार्य करती रहे यह किशोर एवं युवा आगाज इंटर्नशिप प्रोग्राम रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त ईकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवांशु गौतम के संरक्षक एवं मार्गदर्शन में नरसिंहपुर जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेज और गांवों में जाकर बाल हिंसा के प्रति लोगों को जनजागरूकता का कार्य किया जा रहा हैं ताकि समाज में व्याप्त बाल हिंसा को समाप्त किया जा सके।

## नगर में लग रहा जाम, संबंधित विभाग मौन बना

**गोटेगांव।** नगर में मुख्य मार्ग सहित सभी मार्गों पर आजकल जाम की स्थिति निर्मित होती जा रही है।प्रायः देखा जा रहा हैं कि लोग चार पहिया वाहन अपनी सुविधानुसार खरीद तो लेते हैं परंतु उस वाहन को रखने के लिए जगह नहीं होती जिसके चलते वाहन मालिक अपने चार पहिया वाहन मुख्य मार्ग के किनारे या फिर घर के सामने पार्क कर देते हैं जिससे भारी वाहन आकर उस मार्ग के यातायात को जाम कर देते हैं।और इस जाम को बड़ा भयंकर जाम भी कह सकते हैं क्योंकि दस चक्का,बारह चक्का और भी भारी वाहन शहर में प्रवेश करते हैं कहीं नो एंट्री भी नहीं लगाई जाती है।जबकि नियमानुसार सुबह दस बजे से शाम 6 बजे तक स्कूली बच्चों को स्कूल जाने और शाम को स्कूल की छुट्टी होने का समय रहता है नगर के नागरिकों ने ऐसा अनुमान लगाया है कि जब तक शहर में कोई बड़ी घटना या दुर्घटना नहीं होती तब तक शासन और संबंधित विभाग हाथ पर हाथ रखे बैठा रहेगा।नगर में आए दिन मुख्य मार्ग सहित समूचे मार्ग



चार पहिया वाहन पार्किंग के कारण कहीं भी जाम लग जाता है बेहतर होगा शासन चार पहिया वाहन मालिकों को नोटिस जारी करें ताकि वो अपने वाहन कहीं अन्यत्र या घर के अंदर रखें जिससे नगर का यातायात सामान्य हो।कुछ दो पहिया वाहन भी नगर की सुंदरता को ग्रहण लगा रहे है क्योंकि कोई भी कहीं भी अपने दुपहिया वाहन को पार्क करके यहां वहां कार्य करता रहता है इससे भी यातायात अवरुद्ध होता है।बेहतर होगा जिला प्रशासन इस ओर कोई कदम उठाए या कोई जवाबदार जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान आकर्षण करे जिससे नगर की यातयात व्यवस्था दुरुस्त हो सकें